<u>अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण सूचना (EOI)</u>

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

**आंचलिक कार्यालय**

**सेन्ट्रल बैंक बिल्डिंग**

**33 नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता 700001**

**निविदा सूचना संख्या - आं.का./कोल./जीएडी/आर्च/2016-17/07/71 दिनांक 15.07.2016**

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, श्रेणी- । एवं श्रेणी -।। के उन अनुभवी सिविल ठेकेदारों से मदवार दर सहित पूर्णत हस्ताक्षरित एवं स्पष्ट रूप से अंकित, निम्नलिखित कार्यों के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति की मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित करता है जिन्हें पीडब्लूडी, सीपीडब्लूडी, एमईएस, भारतीय रेलवे या अन्य नागरिक एवं वैधानिक संस्थाओं, बैंक आदि में सिविल निर्माण कार्यों में दक्षा/सिविल निमार्ण परियोजना का अनुभव प्राप्त हो और उनके पास वैट, सेवा कर, आयकर एवं पीटी प्रमाणपत्र आदि उपलब्ध हो ।

1.1 **कार्य का नाम**

सेन्ट्रल बैंक अधिकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय काम्प्लेक्स, साल्ट लेक, कोलकाता में सिविल मरम्मत संबंधी कार्य.

1.2 **स्थान**

सेन्ट्रल बैंक अधिकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय, डी.डी-13/18, साल्टलेक, कोलकाता 700064.

1.3 **अनुमानित लागत**

लगभग रू. 3,44,65,000/- (तीन करोड चौवालिस लाख पैंसठ हजार केवल)

1.4 **समानार्थी कार्य - अनुभव**

आवेदन कर्ता को निम्न में से किसी भी एक प्रकार के कार्य को पिछले 7 वर्षों के दौरान आवेदन तिथि पूर्व के माह के अंतिम दिन तक सफलतापूर्वक पूरा करने का अनुभव होना चाहिए -

**I. कम से कम 3 ऐसे कार्यों को पूरा करने का अनुभव होना चाहिए जिसकी लागत अनुमानित लागत के 20% से कम न हो ।**

**अथवा**

**II. कम से कम 2 ऐसे कार्यों को पूरा करने का अनुभव होना चाहिए जिसकी लागत अनुमानित लागत के 40% से कम न हो ।**

**अथवा**

**III. कम से कम 1 ऐसे कार्य को पूरा करने का अनुभव होना चाहिए जिसकी लागत अनुमानित लागत के 60% से कम न हो ।**

1.5 **औसत वार्षिक टर्नओवर**

पिछले 3 वर्षो के दौरान पिछले 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष तक औसत वार्षिक टर्नओवर परियोजना की अनुमानित लागत के 25% से कम नहीं होना चाहिए ।

1.6 **परियोजना को पूरा करने की अवधि**

12 (बारह) माह

1.7 **बयाना राशि (ईएमडी)**

योग्यता प्राप्त करने वाले ठेकेदारों को सूचित किया जाएगा कि उन्हें वित्तीय बिड कागजात के साथ बयाना राशि के रूप में रू.5,00,000/- (रू.पॉच लाख केवल) का रेंखांकित मांग ड्राफट/भुगतान आदेश प्रस्तुत करना होगा जो **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के पक्ष में **कोलकाता** पर देय हो। जिसके बिना बिडिंग रद्द मानी जाएगी । सफल निविदाकर्ता के संबंध में बयाना जमा राशि रोक कर रखी जाएगी.

1.8 **प्रतिधारण राशि**

सफल निविदाकर्ता के बिल से 10 % प्रतिधारण राशि काट ली जायेगी ।

1.9 **प्रतिधारण राशि जारी करना**

खराबी के लिए उत्तरदायित्व अवधि के समाप्ति के बाद बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जाएगी ।

1.10 **निविदा कागजात का मूल्य (वापस नहीं की जायेगी )**

ईओआई कागजात की कीमत, वापस नहीं की जाने वाली राशि के रूप में रू.5,000/-(रू.पॉच हजार केवल) का मांग ड्राफट/भुगतान आदेश जो **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के पक्ष में **कोलकाता** पर देय होगा और उसे पूर्व योग्यता प्राप्त कागजात के साथ जमा करना होगा । इस राशि के बगैर जमा किये गये लिफाफे की ईओआई को रद्द कर दिया जायेगा ।

1.11 **ईओआई कागजात की उपलब्धता**

निविदा कागजात (पूर्व योग्यता प्राप्त कागजात) को बैंक के वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in से दिनांक 18.07.2016 से 18.08.2016 के बीच डाउनलोड किया जा सकता है ।

1.12 **ईओआई जमा करने की तिथि एवं स्थान**

दिनांक 18.08.2016 को अपराहन 3.00 बजे तक सहायक महाप्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, 6ठी मंजिल, सेन्ट्रल बैंक बिल्डिंग, 33 ,नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता - 700001

1.13 **ईओआई का पता**

सहायक महाप्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, 6ठी मंजिल, सेन्ट्रल बैंक बिल्डिंग, 33, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता , 700001

1.14 **बिड पूर्व बैठक**

**दिनांक 28.07.2016 को अपराहन 3.00 बजे**। सेन्ट्रल बैंक अधिकारी प्रशिक्षण महाविद्यालय आडिटोरियम, डीडी 13/18, सेक्टर - I, साल्ट लेक, कोलकाता 700064. इस कार्य के संबंध में किसी भी प्रकार की पूछताछ सहायक महाप्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय, 6ठी मंजिल, सेन्ट्रल बैंक बिल्डिंग, 33, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता - 700001 के कार्यालय द्वारा **26.07.2016 तक स्वीकार की जाएगी.**

1.15 **ईओआई का खुलना**

पूर्व योग्यता कागजात को **दिनांक 18.08.2016 को अपराहन 4.00 बजे** सहायक महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, 6वीं मंजिल, सेन्ट्रल बैंक बिल्डिंग, 33 ,नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता - 700001 के कार्यालय में खोला जायेगा । पूर्व योग्यता कागजातों में वर्णित सभी शर्तों को पूरा करने वाले को वित्तीय निविदा प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा ।

1.16 **ईओआई प्रस्तुत करने का तरीका**

ईओआई को सभी आवश्यक कागजातों एवं सत्यता प्रमाणपत्रों के साथ, जैसा कि निर्धारित है, को सहायक महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, 6ठी मंजिल, सेन्ट्रल बैंक बिल्डिंग, 33, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता - 700001 के कार्यालय में टेंडर बाक्स में सीलबंद लिफार्फे में प्रस्तुत करने होंगे. जिसके ऊपर कार्य का नाम, ईओआई आमंत्रण की सूचना एवं प्रस्तुत करने/खुलने की तारीख एवं समय, निविदाकर्ता का नाम व पते का कवरिंग पत्र, डाउनलोड किए गए निविदा दस्तावेज वाली बुकलेट, निविदा सूचना, सभी विवरण आदि कार्यालय पत्रशीर्ष पर जैसा कि अनुबंध एवं प्रारूपों में दिए गए है, पर टाइप किए गए हो । निविदा दस्तावेज की लागत रू.5000/- (रू.पॉच हजार केवल), अनुभव संबंधी प्रमाणपत्र तथा अन्य प्रमाणपत्र जैसे नवीनतम आयकर रिटर्न / वैट चालान, पैन व आईटी, सेवाकर, व्यवसाय कर आदि अंकित होने चाहिए.

1.17 **किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए निम्न आर्किटेक्ट/कन्सलटेंट से संपर्क किया जा सकता हैः**

**सृजनी**
**स्टूडियो :** 131, आर्य विद्यालय रोड , ग्राउंड फ्लोर,
प्रिंस अनवर शाह रोड, ईएम बाईपास कनेक्टर, कोलकाता 700078
**दूरभाष** - +91 3324054935 , +91 9433056428 , +91 9433056427

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बिना कोई कारण बताये पूरी ईओआई या उसके किसी भाग को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है । सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सफल निविदाकर्ता को ठेके के कार्य की सूचना लिखित रूप से दी जायेगी ।

**सहायक महाप्रबंधक**
**आंचलिक कार्यालय, 6ठी मंजिल**
**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कोलकाता**